उत्तराखंड की ताजा खबरों के लिए आप हमें सोशल मीडिया पर भी फॉलो कर सकते हैं। 👇

Follow on facebook | Follow on twitter | Subscribe on YouTube

Share: Facebook | Twitter | Whatsapp | Linkedin

टिहरी;- सांस्कृतिक आदान प्रदान व श्रीमदभागवत गीता एवं प्रबंधन की अवधारणा पर व्याख्यान का आयोजन।

11-01-2024 03:20 PM

प्रतापनगर, टिहरी:-

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में गुरुवार को सांस्कृतिक–आदान प्रदान (समझौता ज्ञापन) के तहत फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर,लंबगांव एवम चौधरी चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय, छपरौली, बागपत के तहत श्रीमदभागवत गीता एवं प्रबंधन की अवधारणा' पर व्याख्यान का आयोजन किया गया .

इस व्याखान माला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर.प्रतीत दहिया एवं फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय राजनीतिशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर.डॉक्टर एस.के पांडे रहे.

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर.योगेश कुमार शर्मा द्वारा प्रतीत जी के स्वागत द्वारा किया गया। अपने वक्तव्य में प्रोफेसर.प्रतीत ने श्रीमद भागवत गीता में प्रबंधन के तत्वों पर प्रकाश डाला. उनका मानना था गीता भारत को समझने का आधार है ।

पढ़ें खबर: बालाजी सेवा संस्थान देहरादून की की तरफ से घनसाली मे निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन।

व्याख्यान के दूसरे वक्ता डॉक्टर.पांडे ने महाभारत में प्रबंधन की अवधारणा को सारगर्भित तरीके से विश्लेषित किया.

इस दौरान महाविद्यालय के छात्र संध्या, सारिका, शिवानी, ममता, अंजली, करिश्मा, शीतल एवम प्राध्यापक गण डॉक्टर.भरत सिंह चुफाल, डॉक्टर.शुभम उनियाल, श्रीमती प्रियंका डिमरी, श्रीमती मायनी चौधरी, डॉक्टर.भरत राणा, अनुजा रावत, डॉक्टर.अब्दुल वहाब, अजीत राणा, डॉक्टर.विजय राणा, अनुकृति बडोला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवम समन्वय डॉक्टर.विपिन कुमार शर्मा और बलबीर चौहान व रविन्द्र लाल शाह ने किया।

-30% -22% -32%

Acer Store - India

Category

- उत्तराखंड समाचार
- खेल जगत
- मनोरंजन
- राजनीति
- व्यापार
- बड़ी खबर
- संपादकीय
- राशिफल

Tags

Uttarakhand news | International

भगवत गीता और प्रबंधन पर हुई व्याख्यानमाला

लंबगांव महाविद्यालय में व्याख्यानमाला में मौजूद प्रतिभागी।

लंबगांव, 15 जनवरी (स.ह.) : सांस्कृतिक आदान-प्रदान समझौता ज्ञापन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतापनगर ब्लॉक के फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लंबगांव और चौधरी चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय छपरौली (बागपत) की संयुक्त पहल पर श्रीमद्भागवत गीता एवं प्रबंधन की अवधारणा विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गीता भारत को समझने का प्रमुख आधार है। कहा भगवत गीता मनुष्य की कमजोरियों को ताकत में बदलने, जिम्मेदारियों को साझा करने, सही व्यक्तियों का चयन की सीख देती है। प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रतीत दहिया व डॉ. एसके पांडेय ने श्रीमद्भागवत गीता में प्रबंधन की अवधारणा की जानकारी दी। भगवत गीता विभिन्न प्रबंधन विचारों का स्रोत है। मनुष्य को अपने सवालों का जवाब ढूंढने के लिए अपने अंदर झांकना चाहिए। छात्र- छात्राओं से श्रीमद्भागवत गीता का अनुसरण कर इसे जीवन में उतारने की अपील की। इस मौके पर डॉ. भरत सिंह राणा, डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. भरत सिंह चुफाल, डॉ. शुभम उनियाल, प्रियंका डिमरी, मायनी चौधरी, रविंद्र लाल शाह मौजूद रहे।